विधान परिषद् द्वितीय सत्र, 2024 के प्रथम शुक्रवार हेतु निर्धारित डा० आकाश अग्रवाल, मा0 सदस्य विधान परिषद् द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-7 का उत्तर।

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| **7 (क)** क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि जनपद-आगरा के सदर तहसील के गांव कुंडोल में खसरा संख्या 1680 की जमीन सडक की भूमि के लिए ली गई है? | जी नहीं।<br><br>मौजा कुण्डौल के मजरा मल्हैला को जाने वाली सड़क का राजस्व अभिलेखों में खसरा संख्या-1789 है, जिसका क्षेत्रफल 0.7120हे0 अर्थात 7120 वर्गमीटर है। सड़क की लम्बाई 1280 मीटर है तथा चौड़ाई न्यूनतम 4.00 मीटर है तथा औसत चौडाई 5.50 मीटर है। उक्त सड़क के किनारे दांयी ओर गाटा संख्या-1680 क्षेत्रफल 0.0200हे0 अर्थात 200 वर्गमीटर है। गाटा संख्या-1680 में से सड़क के लिये भूमि का अधिग्रहण नहीं किया गया है। |
| (ख) यदि संबंधित खसरे की भूमि किसानों से सडक के लिये ली गई है तो क्या उसके लिये कोई मुआवजा दिया गया है? | खसरा संख्या-1680 से भूमि का अधिग्रहण न होने के कारण कोई प्रतिकर नहीं दिया गया है। |

योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री।